## 30 दिसंबर को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम हवाई अड्डे का लोकार्पण करने आएंगे

# अयोध्या को तीन हजार करोड़ की योजनाओं की सौगात देंगे मोदी



राम मंदिर

33 दिन शेष

■ स्वरमिल चंद्रा

**अयोध्या।** 30 दिसंबर को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम हवाई अड्डे के लोकार्पण के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन हजार करोड़ की योजनाओं की सौगात रामनगरी अयोध्या को देंगे। एयरपोर्ट के सामने गंजा गांव के पास पीएम एक बड़ी जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इस दौरान अयोध्या रेलवे स्टेशन के नवनिर्मित खूबसूरत भवन के साथ ही अन्य कई योजनाओं को रामनगरी को समर्पित करेंगे।

कार्यक्रम की तैयारियों में प्रशासनिक अमला जुटा है। भारतीय जनता पार्टी भी कार्यक्रम की रूपरेखा बनाने में जुटी है। बताया जाता है कि पीएम मोदी अयोध्या में तीस दिसंबर को लगभग दो घंटे तक रहेंगे। इस दौरान लोकार्पण, 40 मिनट की जनसभा, सड़क मार्ग से एयरपोर्ट से महोबरा होते हुए अयोध्या रेलवे स्टेशन लगभग 8 किलोमीटर की यात्रा का समय शामिल है।

पीएम मोदी के कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए 21 दिसंबर को सीएम योगी आदित्यनाथ आएंगे। उनके आगमन के बाद तैयारियां और जोर पकड़ेंगी। माना जा रहा है कि रामपथ, धर्मपथ, भक्तिपथ, जन्मभूमि पथ समेत अन्य कई योजनाओं के लोकार्पण के चलते सभी विभागीय अफसर उन्हें अंतिम रूप देने में जुटे हैं। इन दिनों राममंदिर तक पहुंचने वाले रामपथ समेत अन्य मार्गों को अंतिम रूप देने में दिन रात काम हो रहा है। रेलवे बोर्ड की चेयरपर्सन जया वर्मा सिन्हा बुधवार को तैयारियों का जायजा लेने पहुंच रही हैं। पीएम मोदी के कार्यक्रम की सूचना के बाद संगठन अपनी तैयारी कर रहा है। बताया जाता है कि भाजपा की ओर से पीएम पर फूलों की वर्षा की योजना बनाई गई है। दरअसल पीएम मोदी पहले एयरपोर्ट का लोकार्पण करने के बाद उसी के प्रवेश द्वार पर बड़ी जनसभा को सबोधित करेंगे। इसके बाद सड़क मार्ग से रेलवे स्टेशन तक जाएंगे। इस दौरान पूरे रास्ते को खूबसूरत द्वार, कटआउट, फूलों से सजाने की योजना पर काम किया जा रहा है। अयोध्या के कमिश्नर गौरव दयाल ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन के साथ ही कई अन्य योजनाओं के लोकार्पण के साथ ही एक जनसभा को भी संबोधित करने की मौखिक सूचना है। हम लोग उसकी तैयारियों में जुटे हैं। मुख्यमंत्री आने वाले हैं उसके बाद जगह आदि तय कर दी जाएगी।



एयरपोर्ट का निरीक्षण करते एडीजी जोन पीयूष मोर्डिया।

### एयरपोर्ट व रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया

प्रधानमंत्री के 30 को अयोध्या आने की सम्भावना को देखते हुए एडीजी जोन पीयूष मोर्डिया ने मंगलवार को श्रीराम एयरपोर्ट व अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन की सुरक्षा का जायजा लिया। उन्होंने आयोजन को लेकर एयरपोर्ट में पार्किंग व रैली स्थल का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान आईजी रेंज प्रवीण कुमार मौजूद रहे। 30 दिसम्बर को श्रीराम अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट का लोकार्पण होना तय हुआ है।